तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार,6 मई 2024

12 वाल्मीकि आश्रम में आयोजित होगा विशाल संत सम्मेलन



12 प्रोजेक्ट इवनिंग क्लासेज के 12 बच्चों ने ...



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सत्यानारायण को गिरफ्तार किया है। शिवप्रताप नगर के विजय कुमार ने 4 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी एक्टिवा की डिग्गी से चार लाख रूपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया।

### नकदी छीनने वाले आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज स्नेचिंग व योजनाबंद तरीके से डरा धमका कर नकदी लेने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी राजिंद्र उर्फ धीरज व मोहित को गिरफ्तार किया है। परिवादी रजत ने 27 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि महाराजा ढाबा के सामने से आरोपियों ने उसका पर्स, मोबाईल, नकद राशि छीनने व योजनाबंद तरीके से डराधमका कर एक बडी रकम यूपीआई ट्रांजेक्शन करवाने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सभी शिकायतों का हुआ निपटान

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजल ऐप बनाई गई है। इस ऐप के माध्यम से कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होती है तो 100 मिनट के अंदर सम्बन्धित शिकायत का निपटान किया जाता है। जिला अम्बाला में सी-विजल ऐप पर अब तक 598 शिकायतें प्राप्त हुई, सभी शिकायतों का निपटान कर दिया गया है।

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस की टीम घर में चोरी करने के आरोपी रिहान निवासी शामली यूपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी आर्म्स एक्ट के अन्य मामले में जेल में बंद था। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में सिद्धांत निवासी सेक्टर 12 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### हिमाचल एक्सप्रेस में महिला का बैग चोरी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर हिमाचल एक्सप्रेस में ऊना से दिल्ली तक सफर कर रही महिला का पर्स चोरी कर लिया गया। जीआरपी थाना पानीपत को दी शिकायत में वंदना राणा निवासी प्रीतमपुरा, दिल्ली ने बताया कि चोरी हुए बैग में बैग में दो मोबाइल फोन, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, कैश, घर की चाबियां आदि थी।

### चोरी कर रहा नौकर गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड पर स्थित मदान डेयरी पर काम करने वाला नौकर सात माह से दुकान के गल्ले से नगदी चोरी कर रहा था। शक होने पर दुकानदार आदित्य निवासी गीता कालोनी ने दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। जिसमें नौकर अमरीश चोरी करते हुए दिख रहा है।

# गर्मी ने दिखाए अपने तेवर, लोग होने लगे पसीने से तरबतर

हरिभूमि न्यूज.यमुनानगर

जिले में पिछले दो दिन से लू चलने और मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने से लोग हलकान हो गए हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खासकर युवा वर्ग दोपहर के समय नहाने के लिए नहरों व नदियों का रुख करने लगे हैं। वहीं, किसान व मजदूर पेड़ों की छांव का सहारा लेकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि दुकानों व प्रतिष्ठानों में एसी और कूलर चलने से बिजली की खपत बढ़ने लगी है। वहीं, रविवार को गर्मी की तपिश बढ़ने से जिले का अधिकतम तापमान बढ़कर 39 डिग्री पहुंच गया।

- मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने से तापमान में हुई बढ़ोत्तरी



यमुनानगर में रविवार को मौसम में गर्मी की तपिश से बचने के लिए पश्चिमी नहर में नहाते हुए लोग।

### सूर्य के निकलते मौसम में बढ़ने लगी तपिश

रविवार को सुबह नौ बजे के बाद ही गर्मी की तपिश बढ़ने लगी और लू चलने लगी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मौसम में गर्मी की तपिश और ज्यादा बढ़ गई। जिससे लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए पेड़ों की छांव या फिर घरों में रहने को मजबूर हो गए। दोपहर के वक्त कुछ युवाओं ने अपने नजदीक नहर व तालाबों का रूख किया और घंटो स्नान करके गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया।

### ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी

गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थो बेचने वालों की बल्ले बल्ले हो गई है। मिल्क बादाम बेचने वाले राम कुमार ने बताया कि पिछले दो दिन से सेल में एकदम बढोत्तरी हुई है। वहीं आईसक्रीम की भी खूब डिपांड बढ गई है। जबकि गन्ने का रस व बेल का रस पीने को भी लोगों की रेहड़ियों पर भीड़ बढ़ रही है।

### बढ़ा तापमान

रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

### गर्मी के अधिक तापमान से बेल वाली सब्जियां होती हैं प्रभावित

कुरुक्षेत्र। आजकल गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं तो आम जनजीवन जहां प्रभावित हो रहा है। वहीं बेल वाली सब्जियों के उत्पादन पर भी असर पड़ा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रविवार को कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। तमान बढ़ने से लोगों के स्वास्थ्य के साथ सब्जी की फसलें भी खराब होने की आशंका हो गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी. बी. सिंह के अनुसार मौसम विभाग ने मौसम के तेवर परिवर्तनशील रहने की संभावना बताई है। मौसम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए करेला, तोरी, घीया बेल पर भी काफी प्रभाव पड़ा है और फूल खराब हो रहे हैं। डा. सिंह के अनुसार गर्मी के मौसम में सब्जियां एवं फल महत्वपूर्ण होते हैं। किसानों को भी सब्जियों की फसल के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। सब्जी उत्पादक महेंद्र, बीर सिंह व गुलाब इत्यादि किसानों का कहना है कि ज्यादा गर्मी की वजह से उन्हें काफी नुकसान की आशंका रहती है। किसानों ने बताया कि उन्होंने खेत में करेला, घीया, तोरी और मिर्च की सब्जी लगाई हुई है। तेज गर्मी से बेल पर के फूल सूख सकते हैं। जिससे उत्पादन घटता है।



### चार युवकों को अमेरिका भेजने के नाम पर 58.23 लाख की ठगी

**अंबाला।** एजेंट ने 4 युवकों को अमेरिका भेजने के नाम पर यमुनानगर के आढ़ती से 58.23 लाख रुपए ठग लिए। चारों युवकों को विदेश भेजने के लिए 40-40 लाख में डील हुई थी। धोखाधड़ी का शिकार हुए आढ़ती ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने कबूतरबाजी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यमुनानगर के गांव मुस्तफाबाद के अमन सैनी ने बताया कि उसकी अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। उसकी दुकान पर यमुना विहार कॉलोनी (जगाधरी) के रविंद्र प्रजापत आया था। वह कहने लगा कि वह विदेश भेजने का काम करता है। एक दिन उनकी मुलाकात अंबाला के स्वास्तिक चौक पर हुई। यहां रविंद्र ने कहा कि कोई जानकार विदेश भेजने हो तो बताना। अमेरिका भेजने के लिए 40 लाख लगेंगे। आढ़ती ने बताया कि उसने आरोपी रविंद्र से अपने जानकार नीरज, रोहित, देवेंद्र सैनी, योगेश सैनी को अमेरिका भेजने की बात की। इस दौरान आरोपी रविंद्र ने पेशगी के तौर पर उससे 1.43 लाख ऑनलाइन ट्रांसफर करवा दिए। कुछ दिन बाद रविंद्र ने कॉल करके 55 लाख लेकर दोबारा फिर स्वास्तिक चौक पर बुलाया। उसने आरोपी को चारों लड़कों के पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज और 55 लाख दे दिए। आरोपी ने कहा कि वह चंडीगढ़ जा रहा है। वहीं से इन चारों लड़कों के दस्तावेज तैयार करवाएगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ दिन बाद चारों लड़कों को दुबई बुला लिया। रविंद्र का 2 जनवरी को कॉल आई और बोला कि उसके नंबर पर 2 लड़कों की टिकट भेजी है, बाकी दो लड़कों की टिकट के लिए सोनू कुमार झा के नंबर पर 1.80 लाख रुपए ट्रांसफर करने पड़ेंगे। उसने रविंद्र से अन्य 2 लड़कों की टिकट मांगी तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा।

- 40-40 लाख रुपये में हुई थी डील

# प्रतिबंधित दवाई के कैप्सूलों के जखीरे के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव सरावां के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उससे 480 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। सेल के इंचार्ज रविकांत ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाइक पर सवार होकर दोसडका चौक सरांवा से निकलेगा। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर राजकुमार, सतीश, एएसआई ऋषिपाल, जसबीर सिंह हैप्पी, बीरबल, रजिंद्र की टीम का गठन किया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट सरस्वती नगर के नायब तहसीलदार सुभाष को बुलाया गया। जिसके सामने टीम ने बाइक सवार की तलाशी ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के 480 कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी की पहचान सरावां निवासी रवि के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज रवि कांत ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी आसपास के ढाबों पर नशीले कैप्सूल बेचने का काम करता है। आरोपी कार्यक्रमों में तंदूर का काम करता है।

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

# गेहूं के उठान की कछुआ चाल से मजूदरों में रोष

## लाखों कट्टों से अटी पड़ी है मंडी, गर्मी में बढ़ रही गेहूं में नमी की मात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

नगर की अनाज मंडी में गेहूं के उठान की कछुआ चाल को लेकर मजूदरों में भी रोष है। अनाज मंडी में लाखों कट्टों से अटी पड़ी है। जिसको लेकर अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा प्रशासन को लिखित शिकायत देकर अपनी समस्याए रख चुके हैं बावजूद इसके समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। मजदूर यूनियन से कश्मीरी लाल, भजन सिंह, राम गोपाल सहित अन्य मजदूरों का कहना है कि ऐसे में उन्हें खाली बैठना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि वे यहां तो कमाई करने आए थे लेकिन खाली बैठकर खाने से सारा जमा किया हुआ पैसा यहीं खर्च हो रहा है। जब इस बारे में अनाज मंडी मंडी के सचिव रमेश मितल से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि सुबह मजदूर यूनियन उनके पास एकत्रित होकर आई थी और अपनी समस्या रखी थी।

- अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा शिकायत करने के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी



अनाज मंडी में लगे गेंहू के कट्टों के ढेर। फोटो : हरिभूमि

### ठेकेदार के पास पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां नहीं

उन्होंने बताया कि मंडियों और खरीद केंद्रों में लगभग पंद्रह सोलह लाख से अधिक कट्टों की खरीद हुई थी। जिसमें से पांच-छह लाख के करीब कट्टे अभी भी बिना उठान के पड़े हुए हैं। उठान कुछआ चाल से चल रहा है न तो पर्याप्त मात्रा में गाड़ियों की व्यवस्था हो रही है ओर न ही केंद्रो पर तीन तीन दिन तक गाड़ियां खाली नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि जिस ठेकेदार द्वारा उठान का टेंडर लिया गया है उसके पास पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां नहीं है। जिसका कारण उसने कम राशि में उठान का टेंडर लिया हुआ है। इस बारे उन्होंने प्रशासन को भी अवगत करवा दिया फिर भी कोई समाधान नहीं किया गया। इतना ही नही तेज गर्मी व लू के चलते गेहूं में नमी की मात्रा बढ़ रही है। जब इस बारे में एसडीएम अमन कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इसका कोई समाधान निकाला जाएगा।

# ब्रिटेन में जिला पार्षद बने रोहित अहलावत

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि युवा समाजसेवी रोहित अहलावत ने पिछले ब्रिटेन में नगर पार्षद का चुनाव जीता था, एक साल के अंदर ही जिला पार्षद का चुनाव जीत लिया। रोहित अहलावत ने वॉकिंगहैम बरो काउंसिल के हॉकडन वार्ड चुनाव लड़ा और जीत गए हैं। वही, डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हॉकडन वार्ड सत्तारूढ़ पार्टी लिबरल डेमोक्रेट्स का गढ़ था, यहां कंजरवेटिव पार्टी का कोई जनाधार नहीं था फिर भी रोहित ने कंजरवेटिव पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और अपने सेवा भाव के बल चुनाव जीत गए। स्मरणीय है कि रोहित अहलावत को पार्टी ने दो माह पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया था। जबकि रोहित की जीत में मुख्य रणनीतिकार अमीन अहलावत, पवन त्यागी, साक्षी सिंह, सीमा अहलावत, निशा, सुनीमा ग्रेवल, विक्रम रावत, प्रवीण अहलावत, हरीश दहिया आदि रहे। इधर, डॉ नवीन नैन भालसी ने रोहित अहलावत को जीत पर बधाई दी है।



ब्रिटेन प्रवास के दौरान डॉ नवीन नैन भालसी का अभिवांदन करते हुए रोहित अहलावत।

# बिजली निगम पानीपत में 3 नए वायुरोधी सब स्टेशन बनाएगा

**पानीपत।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से पानीपत जिले में तीन नए एयर इंसुलेटेड यानी वायुरोधी सब स्टेशन बनाए जाएंगे। इन पर करीब 25 करोड़ की राशि खर्च होगी। ये सब स्टेशन जीटी रोड पर गांव बडौली में जींद हाइवे पर गांव कवी में और रोहतक हाइवे पर गांव महराणा में को चिह्नित किया गया है। यहां सब स्टेशन बनने से आसपास के करीब 36 गांव को निर्बाध बिजली सप्लाई मिल सकेगी। बिजली निगम ने ये काम उत्तर प्रदेश की एजेंसी आरवनस को दिया है। इन सब स्टेशन से 33 केवी के साथ 11 केवी की लाइनों को भी जोड़ा जाएगा। ये काम एक साल में पूरा होने की उम्मीद है। इधर, ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते लोड की वजह से कई बार ट्रिपिंग की समस्या होती थी। जिससे ग्रामीणों को बिजली कट झेलने पड़ते थे। कई बार तो एक से दो दिन तक बिजली गुल रहती थी।

- तीनों स्टेशन बनने से 36 गांवों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति होगी

### तीन सब स्टेशन एयर इंसुलेटेड तकनीक पर आधारित होंगे

बढ़ते लोड को देखते हुए बिजली निगम ने जिले की तीनों दिशाओं में सब स्टेशन बनाने का फैसला किया है। जिससे मौजूदा सब स्टेशन पर पड़ने वाले लोड को विभाजित कर इन सब स्टेशनों पर डायवर्ट कर दिया जाएगा। जिससे 11 केवी के फीडरों को पर्याप्त और निर्बाध बिजली मिल सके। वही, तीन सब स्टेशन एयर इंसुलेटेड तकनीक पर आधारित होंगे। ये सब स्टेशन की एक नई तकनीक होती है। इससे पहले गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन तैयार किए जाते हैं। इनमें रखरखाव का खर्च कम होता है। एजेंसी को इस राशि में सब स्टेशन के निर्माण से लेकर कनेक्शन और लाइन को जोड़ने का काम भी करना होगा। इधर, एक्सईएन सब अर्बन सब डिवीजन आदित्य कुंडू ने बताया कि गांव बडौली, कवी, महराणा में तीन नए सब स्टेशन बनाए जाएंगे। इन पर करीब 25 करोड़ खर्च होंगे। एजेंसी को इनका काम दे दिया है। ये काम करीब एक साल में पूरा होगा। जिससे जिले के करीब 36 गांव के लोगों को 24 निर्बाध बिजली सप्लाई मिल सकेगी।

# सुसरालियों से परेशान विवाहिता छत से कूदी

**पानीपत।** पानीपत की मुखीजा कॉलोनी में सविता पत्नी धर्मेंद्र ने अपने ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल महिला को ससुरालियों ने पहले नजदीकी निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया, जहां सिविता की मौत हो गई। इधर, सविता के मौत के मामले में उसके पिता प्रेम चंद निवासी जाटव मोहल्ला, बहादुरगढ ने आरोप लगाया कि सविता को ससुरालियों पर दूसरी मंजिल से धक्का दिया है। जबकि थाना मॉडल टाउन पुलिस ने प्रेम चंद की शिकायत पर सविता ने ससुर चोल सिंह, चोल सिंह के भाई की पत्नी,उसकी सास के भतीजे रविंद्र, ननद बाला व बेबी, बाला के बेटे हिमांशु पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज करवाया है। वही, सविता के दो बच्चे है, जबकि पति धर्मेंद्र सन 2022 में संदिग्ध हालात में लापता हो गया था, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

- पति धर्मेंद्र सन 2022 में संदिग्ध हालात में लापता, अभी तक नहीं लगा सुराग

## मुहूर्त

### वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हिंदू धर्म में बहुत शुभ माना गया

# अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती पर बन रहे हैं पांच दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

इस साल अक्षय तृतीया के दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दौरान पूजा करने, शुभ कार्य शुरू करने और नयी वस्तुएं खरीदने से आपको लाभ मिल सकता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हिंदू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। इस तिथि को ही अक्षय तृतीया के नाम से भी पुकारा जाता है। माना जाता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। यही वजह है कि हिंदू धर्म में मान्यता रखने वाले लोग इस दिन ग्रह-प्रवेश, शादी, सगाई जैसे काम करते हैं। इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म उत्सव भी है ऐसे में अगर इस शुभ तिथि के दिन कुछ शुभ संयोग भी बन जाएं तो इसे सोने पर सुहाग ही कहा जाएगा। साल 2024 में कुछ ऐसा ही होने वाला है इस बार अक्षय तृतीया के दिन कुछ शुभ संयोग भी बनने जा रहे हैं।



डॉ रामराज कौशिक।

- अक्षय तृतीया के दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती

### इन शुभ संयोगों में मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया के दिन शुक्रवार है और साथ ही सुकर्मा योग भी इस दिन रहेगा। सुकर्मा योग का आरंभ दोपहर 12 बजकर 7 मिनट से होगा और अगले दिन लगभग 10 बजे तक यह योग बना रहेगा। इस योग में खरीदारी करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन रोहिणी नक्षत्र सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा, इस नक्षत्र के स्वामी भौतिक सुखों के दाता शुक्र ग्रह हैं इसलिए रोहिणी नक्षत्र में किसी भी तरह का कार्य शुरू करना आपके लिए शुभ फलदायक रह सकता है।

इसके बाद पूरे दिन भर मृगशिरा नक्षत्र रहेगा इस नक्षत्र को भी ज्योतिष में शुभ माना गया है। इसके साथ ही तैतिल और गर करण का निर्माण भी इस दिन होगा। इसलिए अक्षय तृतीया को बेहद खास माना जा रहा है। इस दिन पांच दुर्लभ योग बन रहे हैं गजकेसरी योग, शश योग,मालव्य योग, धन योग,सुकर्मा योग जिनको बहुत अद्भुत फल देने वाला माना गया है।

### अक्षय तृतीया पूजा और खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त

अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन पूजा के लिए सबसे सही समय सुबह 5 बजकर 33 मिनट से दोपहर 12 बजकर 17 मिनट तक रहेगा। वहीं खरीदारी करने के लिए पूरा दिन ही शुभ माना जाएगा लेकिन सोना-चांदी अगर आप दोपहर 12 बजकर 15 मिनट के बाद खरीदें तो आपके लिए ज्यादा शुभ साबित हो सकता है, क्योंकि दोपहर के बाद सुकर्मा योग शुरू हो जाएगा।

# चार दिवसीय युवा महोत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं संस्कृति कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय युवा महोत्सव का रविवार को विधिवत रूप से समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी चित्रकारों को सम्मानित किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया व सभी कला साधकों को समृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया की सभी कलाकार जो भारतवर्ष के कोने-कोने से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचे उन्होंने अपनी बेहतरीन कलाकृतियां दिखाई और सभी पेंटिंग प्रदर्शनी का हिस्सा बनी इस कला उत्सव के माध्यम से सभी ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने बारीकी से कला के गुर सीखने का प्रयास किया। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के उपनिदेशक डॉ गुरचरण सिंह व कला उत्सव के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष की संस्कृति को एक मंच पर लाना है।

- कुलपति ने सभी चित्रकारों को सम्मानित किया



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पत्रकार रणबीर चौहान का हृदयगति रुकने से निधन

**घरौंडा।** समाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ रणबीर चौहान का शनिवार की रात्रि को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह लगभग 58 वर्ष के थे। उनका रविवार को पैतृक गांव में दाह संस्कार किया गया। डॉक्टर रणबीर चौहान घरौंडा की हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। रविवार को उनके पैतृक गांव पबाना हसनपुर में संस्कार किया गया।

### शालू जिंदल का किया जोरदार स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** नैशनल बाल भवन की पूर्व चेयरपर्सन शालू जिंदल का विष्णु कालोनी में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल के साथ अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला एवं अन्य पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। विष्णु कालोनी की महिलाओं भावना सिंघल, वृन्दा, नंदिनी, मंजू सिंगला, रेणु बाला, मैडम सैनी इत्यादि ने भी शालू जिंदल का स्वागत किया।

### नंदकिशोर का किया जोरदार स्वागत

**शाहबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ अधिकारी एवं राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल एव दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर गर्ग का वरिष्ठ समाजसेवी पवन हबना के निवास पर आयोजित एक बैठक में आना हुआ। पवन हबाना ने जगदीश मितल और नंद किशोर गर्ग का पटका पहनाकर स्वागत किया।

### निर्वाचन आयोग की हिदायतों पर की चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए भारत चुनाव आयोग द्वारा आईएएस डा. माधवी खोड़े चावरे को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में भेजा है। सामान्य पर्यवेक्षक ने अपनी ड्यूटी संभालते ही जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के साथ-साथ चुनावी डयूटी में कार्यरत अधिकारियों और एसटी व एफएसटी टीमों के सदस्यों के साथ भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों पर चर्चा की है।

इतना ही नहीं कोई भी राजनीतिक दल सामान्य आब्जर्वर के दूरभाष नंबर 92533-04065 पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित सूचना दे सकता है। इस

धर्म के आधार पर कांग्रेस द्वारा की जा रही राजनीति स्वीकार

# लोकसभा चुनाव धर्म और अधर्म की लड़ाई: मनोहर

## करनाल में परशुराम जयंती महोत्सव पर कांग्रेसी तुष्टिकरण पर बरसे मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल मे भगवान परशुराम जयंती पर कहा है कि जिस प्रकार भगवान परशुराम ने शस्त्र व शास्त्र दोनों का प्रयोग करते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ठीक वैसी ही लड़ाई आज देश में चुनाव के माध्यम से लड़ी जा रही है। आज देश में लोकसभा चुनाव में न्याय और अन्य की लड़ाई है। एक तरफ देश को एक धारा में पिरोकर अच्छे काम करते हुए देश को जोड़ने वाली ताकते हैं, वहीं दूसरी ओर वह लोग हैं जो देश में कश्मीर और पंजाब संकट के लिए उत्तरदाई थी। नक्सलवाद और पूर्वोत्तर भारत की समस्या के लिए उत्तरदाई थी।

मनोहर लाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने साफ किया है कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब लोगों का है,जबकि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर इस प्रकार की राजनीति स्वीकार नहीं की जा सकती। पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार की बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरी के सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि हिसार से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश ने भी माना है कि कांग्रेस राज में पर्ची से नौकरी दी जाती थी।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है। बकौल मनोहर लाल साल में एक बार तो सबका जन्मदिन आता है,लेकिन जिस प्रकार से आप लोगो ने मुझे आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है उससे निश्चित तौर पर मेरा उत्साह बढ़ा है। मैं इस नए उत्साह और बढ़ी हुई ताकत के साथ इस देश, इस राज्य और इस परिवार की सेवा का संकल्प लेता हूं। मैं आपकी अपेक्षा पर पूरा खरा उतरुंगा। मैं आपको कभी भी निराश नहीं करुंगा। उन्होंने इस मौके पर महाभारत में कृष्ण का न्याय के पक्ष में संकल्प को याद दिलाते हुए समारोह में मौजूद जनता को भी न्याय के पक्ष में संकल्पित होने का आग्रह किया।



### राजनीति सामाजिक कार्यों से अलग नहीं हो सकती : विनोद शर्मा

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक सामाजिक कार्यों से अलग नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि राजनीति करने वाले कुछ लोग हो सकता है अच्छे नही हों, लेकिन जो व्यक्ति आपके द्वारा दी गई ताकत को आप लोगों के हित में प्रयोग करता है, वह निश्चित तौर पर सही है। विनोद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जितनी प्रगति की है उतनी पहले कभी नहीं हुई। धारा 370 समाप्त होने से कश्मीर में शांति स्थापित हुई है और इसका ब्राह्मण समाज को काफी लाभ हुआ है। कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रदेश में चार उपमुख्यमंत्री बनाने और उनमें एक ब्राह्मण को शामिल करने की बात कहने को निंदनीय बताया और कहा कि देश का कोई भी नागरिक किसी भी पद पर पहुंच सकता है।

### भगवान एक बिरादरी के नहीं होते : कार्तिकेय शर्मा

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान कभी एक बिरादरी के नहीं होते, वह 36 बिरादरी के होते हैं। भगवान परशुराम ने हमेशा सही का साथ दिया और गलत के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनके वंशज होने के नाते यह हमारा दायित्व बनता है कि हम भगवान के संदेश को हर आदमी तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने कहा था कि जब तक शास्त्र का ज्ञान ना हो शस्त्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का इस बात के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया कि डेढ़ साल पहले परशुराम महाकुंभ में उन्होंने 13 मांग रखी थी और इनमें से 10 मांगों को उन्होंने मंच से ही स्वीकार करने का ऐलान कर दिया था। कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया,शक्ति रानी शर्मा, पूर्व सांसद डीपी वत्स, विधायक हरविंदर कल्याण आदि मौजूद रहे।

# सभी लोस उम्मीदवारों को देंगे ज्ञापन

- भाजपा उमीदवारों से पूछेंगे कि क्यों नहीं लागू की कर्मचारियों की मांगें
- घर-घर बांटेंगे पर्चा और करेंगे खण्ड स्तरीय कन्वेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा,जिला करनाल की जिला कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय सेक्टर 12 स्थित हुड्डा कार्यालय में जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी की अध्यक्षता में हुए।जिसमें बैठक का संचालन जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने किया।बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए संघ के जिला प्रेस सचिव कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि कर्मचारी मुद्दों को लेकर जिला के सभी खंडों में खंड स्तरीय कंवेंशनें की जाएगी,वहीं सरकार की जन विरोधी,कर्मचारियों विरोधी नीतियों को लेकर जिला भर के सभी विभागों के कर्मचारियों में पर्चे वितरित किए जाएंगे, जिसके लिए तमाम ब्लॉक वा विभाग के नेताओं की ड्यूटी लगाई जयगाई साथ ही लोकसभा चुनाव में खड़े तमाम पार्टियों के उम्मीदवारों को सर्वकर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया जाएगा।

बैठक में बिजली यूनियन के राज्य उप महासचिव राजेन्द्र राणा,जिला कोषाध्यक्ष ऋषिपाल इंद्री,जिला उपप्रधान राजपाल बसताड़ा,जिला सह-सचिव रमेश शर्मा चोंचड़ा,जिला कार्यकारिणी सदस्य धीरज रावत,ओम प्रकाश सिंहमार,उधम सिंह राठी,खण्ड प्रधान करनाल भाग सिंह,खंड सचिव राजकुमार मौजूद रहे।

### प्रो. रामनिवास को किया सेवानिवृति पर सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** 29 वर्ष तक की सेवाएं देने के उपरांत प्रोफेसर राम निवास विश्विद्यालय से सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृति पर पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, वृंदावन, लखनऊ, दिल्ली, पानीपत, जीरकपुर, अंबाला सहित दूर दूर से विद्यार्थियों ने भागेदारी कर के जश्न मनाया। कार्यक्रम में कुलपति, कुलसचिव वा अंग्रेजी विभाग व विभिन्न विभागों के शिक्षकों वा विद्यार्थियों ने भाग लेकर जश्न मनाया।



### जन्मदिन पर महादेव के समक्ष नतमस्तक हुए मनोहर लाल

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल अपने जन्मदिन के अवसर पर करनाल पहुंचे। इस दौरान वे करनाल के पुराना चौड़ा बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर और प्रथम पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहिब में नतमस्तक होने पहुंचे। मनोहर लाल ने शिव मंदिर में जाकर महादेव भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे मंजी साहिब गुरुद्वारा में पहुंचे जहां उन्होंने शीश नवाया। इस दौरान गुरुओं और संतों ने मनोहर लाल को प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद दिया। मनोहर लाल का जगह-जगह स्वागत किया गया और उपस्थित लोगों ने मनोहर लाल को जन्मदिन की बधाई दी। शिव मंदिर में मनोहर लाल को भगवान शिव की तस्वीर भेंट की गई। गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में बाबा सुक्खा सिंह व सिख संतों की ओर से मनोहर लाल को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। मनोहर लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के सभी सिक्खों को परिवार मानकर सेवा की है और वह निरंतर समाज की सेवा करते रहेंगे।



### ट्रक ड्राइवर्स के लिए लॉन्च किया हेल्थ एवं वेलनेस प्रोग्राम सुश्रुत

**करनाल।** एमेज़ॉन इंडिया ने ट्रक ड्राइवर्स के लिए एक विस्तृत हेल्थ एवं वेलनेस प्रोग्राम सुश्रुत लॉन्च किया। एमेज़ॉन के 350 ट्रकिंग पार्टनर्स हैं, जिनके पास हजारों ट्रक ड्राइवर्स नौकरी करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन ट्रक ड्राइवर्स की स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने जीवन का ज्यादातर समय सड़क पर बिताते हैं। इसके साथ ही, यह ट्रक ड्राइवर्स और उनके परिवार के लिए लंबे समय तक स्वास्थ्य की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। प्रेमांश फाउंडेशन, आँचल हैल्थ सेंटर और डॉकऑनलाईन जैसे एनजीओ के साथ गठबंधन में चलाए जा रहे हैं। एमेज़ॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज़ के डायरेक्टर, अरुण कुमार सिंह ने कहा, एमेज़ॉन में हम ट्रक ड्राइवर्स के जीवन की चुनौतियों को समझते हैं, जिनके कारण लंबे समय तक सड़क पर रहने की वजह से उनका स्वास्थ्य नजरंदाज हो जाता है। सुश्रुत प्रोग्राम का उद्देश्य इन चुनौतियों को संबोधित करना और ड्राइवर्स को स्वस्थ रहने में मदद करना शामिल है।

# गगसीना के 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- माता-पिता का एकलौता पुत्र था नवजीत
- नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्टडी वीजा पर गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में गगसीना गांव के एक 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने मेलबर्न में रह रहे हरियाणा के ही कुछ युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। युवक की मौत होने से गांव गगसीना में मातम का माहौल पसरा हुआ है। गांव गगसीना निवासी जितेंद्र ने बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र नवजीत संधू ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्टडी वीजा के लिए वर्ष 2022 से गया हुआ था। शनिवार की देर रात मलबर्न से ही नवजीत के दोस्त ने मोबाइल पर उनको सूचना दी की नवजीत की हत्या कर दी गई है। जितेंद्र कुमार ने बताया कि मेलबर्न में नवजीत के आसपास जिला करनाल के कुछ और भी युवक रहते हैं। जिनकी नवजीत से जान पहचान है और कल शनिवार को नवजीत अपने एक दोस्त का सामान उठाने के लिए जिला करनाल के ही कुछ युवकों के कमरे पर गया था तो जहां नवजीत के दोस्त और करनाल के उन युवकों के बीच कुछ कहा सुनी हो गई और इस दौरान नवजीत बाहर अपनी गाड़ी में आकर बैठ गया तो उन युवकों ने नवजीत के साथ भी हाथापाई करते हुए उसकी छाती पर तेज हथियारो से वार कर दिए।जिसे नवजीत बुरी तरह से घायल हो गया और अस्पताल में नवजीत ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



# भाजपा ने हर वर्ग के लिए काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भाजपा बूथ प्रबंधन एवं सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के दौरान बरसत मण्डल के शक्ति केन्द्र कालरम, मुबारकाबाद व गढ़ीखजूर के बूथ नंबर 106,176 पर बैठक मे मंडल महामंत्री देवेन्द्र शर्मा, राजेश जोगी, शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट, पूर्व सरपंच टेकचंद,बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र राणा,पालक ठाकुर मामचन्द,ब्लॉक समिति प्रतिनिधि अशोक राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। संदीप लोहट ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा में आए हुए अतिथियों का अपने शक्ति केंद्र पर स्वागत करता हूँ और विश्वास दिलाता हूं कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से मनोहर को पूर्ण बहुमत से जीता कर मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। कौशल रोजगार में युवाओं को घर बैठे विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एक आदर्श नेता हैं, जो 36 बिरादरी के लोगों के साथ लेकर चल रहे हैं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में मनोहर लाल सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर संसद में जाऐंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश का नाम विश्व पटल पर चमकाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी।

### जनता रिजेक्ट सीएम को सांसद नहीं चुनेगी: दिव्यांशु

**करनाल।** करनाल लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धि राजा असंध विधानसभा क्षेत्र के अनेक गाँवों का दौरा शुरू किया उन्होंने एक दिन में 40 से ज्यादा गांव का दौरा किया।असंध हल्के के लोगों व कार्यकर्ताओं ने गांव में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बुद्धिराजा ने कहा करनाल की जनता एक रिजेक्ट मुख्यमंत्री को कभी भी अपना सांसद नहीं चुनेगी। उन्होंने युवा साथियो से अपील कि चुनाव मे समय कम है आप सभी घर घर जाकर लोगों को कॉंग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए प्रेरित करे व भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने का काम करो। कार्यक्रम में असंध विधायक शमशेर सिंह गोगी व तमाम गणमान्य व्यक्ति एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल, पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कौशल सिंगला ने संभाला पदभार

- अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की अध्यक्ष बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा




अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन घरौंडा की प्रधान बनी श्रीमती कौशल सिंगला, सचिव अनीता पोसवाल को बनाया गया और कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी आशा गोयल जी को दी गई कार्यक्रम आयोजित अग्रवाल भवन रेलवे रोड मे किया गया जिसमें श्रीमती निधि गोयल मुख्य अतिथि रही उन्होंने कहा कि आज समाज महिलाएं समाज के कार्यो में पीछे नही है।धार्मिकव सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेकर समाज का नाम ऊँचा कर रही है। एनएसओ स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत गए शहर के गणमान्य व्यक्तियों व भारत विकास परिषद के अध्यक्ष वरुण गुप्ता व टीम ने महिला प्रकोष्ट की नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल सिंगला उनकी टीम को गुलदस्ते देकर हार्दिक बधाई । इस मौके पर मीनू गुप्ता ने अपना कौशल सिंगला को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। नवनियुक्त अध्यक्ष सिंगला ने कहा कि समाज ने जो भी जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसमें कभी कमी नहीं आने दूँगी। इस मौके पर मीरा बंसल,नीरा मित्तल,आशा गोयल,सुमन गोयल नेहा गोयल सहित गणमान्य समाजसेवी उपस्थित थे।

### नेत्रहीन मतदाताओं के लिए वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में हर वोट का महत्व होता है, इसलिए प्रत्येक मतदाता का यह कर्तव्य बनता है कि वह एक दिन देश के नाम अवश्य करे। जिले के सभी मतदाता 25 मई को होने वाले लोकसभा 2024 के आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई गई है और ब्रेल बैलट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# हार्ड वेयर एंड मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन की बैठक में जीएसटी का मुद्दा उठाया

- जनरल बॉडीज की बैठक में कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल हार्ड वेयर एंड मैन्यूफेक्चर्स एसोसिएशन की जरनल बाडीज की बैठक एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान ने पुराने कार्यों का लेखा जोख प्रस्तुत किया। आने वाले समय में कई आगमी कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। इस अवसर पर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इनमें प्रधान विपिन आहुजासचिव प्रवीन गर्ग, कोषाध्यक्ष रोशन कंसल पूर्व प्रधान राजेंद्र छाबडा शामिल है। प्रधान विपिन आहुजा ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। सचिव प्रवीण गर्ग ने कहा कि ऐसोसिएशन द्वारा समय समय पर समास्याओं को सरकार के समक्ष उठाया जाता रहेगा। इस अवसर पर जीएसटी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि कुछ समान पर जीएसटी कम करने से उन्हें राहत मिलेगी। तय किया गया कि इस संबंध में सरकार से मिलेंगे। बैठक में कँवल प्रीत सिंह, दर्शन मदान, सुरेंद्र आर्य, दिनेश मदान, अनुराग, मेवा सिंह दीपक वोहरा तथा अन्य अनुराग खन्ना, राजीव भूटानी, विकास अग्रवाल, इंदर मिग्लानी अनिल भाटिया, मुनीश भाटिया मौजूद थे।

## सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने बटोरी तालियां

# गम इस कद्र मिला कि घबराकर पी गए...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** कुंजपुरा स्थित रामलीला भवन में रचना पेश करते रमेश चंद पुहाल पानीपती व उपस्थित अतिथि एवं श्रोता।

कुंजपुरा गांव स्थित रामलीला भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के साथ जैसे ही रचनाकारों के फन का जादू चला तो वातावरण तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। रचनाकार रमेश चंद पुहाल पानीपती ने कहा कि गम इस कद्र मिला कि घबराकर पी गए, खुशी थोड़ी सी मिली तो मिलाकर पी गए...। दयानंद खुंगर पानीपत ने कहा कि वो देश कौन सा है वो देश कौन सा है, जिसकी शान को मोदी ने है दुनिया तक पहुंचाया...। साहित्यकार भारत भूषण वर्मा असंध ने कहा कि भारत वतन है हमको जान से प्यारा, लोकतंत्र है शान इसकी सबसे है न्यारा...। कमलेश कुमार पालीवाल ने कहा कि कैसी थी मतवाली रात, वो थी काली-काली रात...। कवि कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि तन उजले मन काले लोग, रोज करैं चालें लोग...। नरेश लाभ ने कहा कि प्रियतम तेरी याद में लिख डालूं मैं छंद, बस तुमसे ही प्रीत है अनुपम यह मन बंध। कवि मनोज मधुरभाषी ने कहा कि रूठों को मनाना पड़ता है, दोस्तों को समझाना पड़ता है। ममता प्रवीण ने कहा लोग कहें प्रेम में क्या पाया राधा मिला ना मनमीत, चैन मिला ना ही सुख पाया रीता रीता गया जीवन बीत...। गुरविंद्र कौर गुरी ने कहा कि गमे दिल सुनाने को जी चाहता है, तुम्हें आजमाने को जी चाहता है...। गुरमुख सिंह वड़ैच ने कहा कि हर एक बचाता है अपने दामन को, चमन में रहके भी कांटों सी जिंदगी क्या है...।

हरबंस पथिक ने कहा कि सुपनयां दा शहर इक अखां विच भर गिया, खाली-खाली जिंदगी नू होर खाली कर गया। अशोक वशिष्ठ ने कहा कि आज मेरे गीतों को गूंथा मधुबन माला ने...। कारवाने अदब संस्था से डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि जिंदगी में कैसे ये मुकाम आ रहे हैं कि आंखों में आंसू सरेआम आ रहे हैं...। संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि जिसके पास देशभक्ति का सरमाया नहीं है, वो आदमी मुझे कभी रास आया नहीं है...। मंच संचालन शिक्षक अश्विनी शर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप

### एसडीआईएस में विद्यार्थी पुरस्कृत

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संसद और छात्र अलंकरण समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष पवन गर्ग ,एसडी संस्थान के सदस्य अशोक गुप्ता एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य रुचि शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चुने गए सभी विद्यार्थियों को पद नाम पट्टीका पहनाकर, स्कूल बैज एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### नेकी की राह पर चलें नागरिक

**पानीपत।** श्री देवी मंदिर में बंसल परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा में पधारे कथा वाचक पंडित लालमणि महाराज ने कथा के रविवार को सातवें दिन भगवान श्रीराम के बनवास की कथा सुनाते हुए बताया कि श्री राम जी, सीता जी के साथ लक्ष्मण को भी अपने साथ में लेकर वनवास चले गए। बनवास में श्रीराम जी ने ऋषियों-मुनियों की राक्षसों से सहायत की तथा सीता को बलपूर्वक उठाकर ले जाने वाले रावण का वध किया। बनवास के दौरान ही श्रीराम जी ने मित्रता की मिशाल कायम करते हुए सुग्रीव से दोस्ती की। जिसके बाद हनुमान जी उनके भक्त बन गए।

### फुटबॉल में टेरेसा सदन जीता

**पानीपत।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टेरेसा और राधाकृष्णन में टक्कर हुई और 4-0 से टेरेसा विजयी रहा। टेरेसा सदन के कप्तान शिवांश और राधाकृष्णन सदन के कप्तान समर ने अपनी-अपनी टीम का मनोबल बढ़ाया। प्रधानाचार्य ऋतु सिंह ने विजयी टीम को शुभकामनाएं दी और दूसरे सदनों को भी प्रोत्साहित किया।

### योग करने से शरीर रहता है निरोग

**पानीपत।** समालखा की जौरासी रोड स्थित गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में कक्षा दूसरी के बच्चों को योगाभ्यास गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि में कक्षा अध्यापिका रिंकी और सुषमा रोहिल्ला द्वारा विभिन्न प्रकार के योगा करवाए गए। जैसे सूर्य नमस्कार, तितली आसन, अलोम-विलोम, कपालभाति ,वृजासन आदि करवाये गये। कक्षा अध्यापिका सुषमा त्यागी, कुसुम ने बताया कि योगा करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। सूर्य नमस्कार करने से हमारा दिमाग शांत रहता है और मानसिक तनाव भी कम होता है।

### पानीपत से किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव का निवासी युवक अपने ही गांव की किशोरी को उसके साथ शादी करने के इरादे से बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। परिजनों ने किशोरी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, जबकि युवक भी अपने घर से लापता मिला। इधर, लडकी की मां की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने विजय नामक युवक पर उनकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने के आरोप में केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### शालू जिंदल का किया जोरदार स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** नैशनल बाल भवन की पूर्व चेयरपर्सन शालू जिंदल का विष्णु कालोनी में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल के साथ अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला एवं अन्य पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। विष्णु कालोनी की महिलाओं भावना सिंघल, वृन्दा, नंदिनी, मंजू सिंगला, मैडम सैनी इत्यादि ने भी शालू जिंदल का जोरदार स्वागत करते हुए ऐसे मिली मानो पुरानी सहेलियां मिल रही हों।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : नवीन

**कुरुक्षेत्र।** संत निरंकारी भवन थानेसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में पहुंचे पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। रक्तदान महादान है क्योंकि आपका रक्त किसी के जीवन बचाने के काम आता है। नवीन ने कहा कि हम सभी को जीवन में रक्तदान करना चाहिए।


## आचार्य श्री श्रुत सागर जी महाराज को शास्त्र भेंट किए

# इंसान की हथेली है 24 तीर्थंकर का प्रतीक : आचार्य श्री श्रुत

**जैन संत अपने पास सिर्फ तीन चीजे ही रखते हैं पिच्छी, कमंडल और शास्त्र जिससे वह धर्म के बारे में पढ़ते हैं और पढ़ाते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में त्रिदिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन याग मंडल विधान का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। प्रतिष्ठाचार्य जय निशांत भैया टीकमगढ़ वालों ने सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, विधान की क्रियाएं मंत्रों द्वारा संपंन कराई और संगीतकार संगीता जैन एंड पार्टी जबलपुर के द्वारा प्रभु का संकीर्तन व भजनों के माध्यम से श्री जी की भक्ति कराई गई। वही, सभी ने इंद्र इंद्राणी के रूप में प्रभु के चरणों में भाव समर्पित किए। इस अवसर पर अपना आशीर्वचन देते हुए मां श्री कौशल ने कहा ने कहा कि यह मंदिर बेहद प्राचीन है और जिस मंदिर का जीर्णोद्धार और वेदी प्रतिष्ठा का उत्सव आयोजित किया जा रहा है वह सन 1961 में प्रतिष्ठित किया गया था और आज 63 वर्षों बाद भगवान पारसनाथ पुनः नवीन मंदिर में विराजमान होंगे मंदिर बहुत ही सुंदर बना है और उन्होंने कहां मेरे भाव थे कि भगवान पारसनाथ का जो मंदिर आप देख रहे हैं वह सभी को अपनी ओर आकर्षित करें और आज वह हो भी रहा है। इस अवसर पर चार सौभाग्यशाली परिवारों के द्वारा आचार्य श्री श्रुत सागर जी महाराज को शास्त्र भेंट किए गए। वही, जैन संत अपने पास सिर्फ तीन चीजे ही रखते हैं पिच्छी, कमंडल और शास्त्र जिससे वह धर्म के बारे में पढ़ते हैं और पढ़ाते हैं। सभी ने मंदिर निर्माण के लिए दान की घोषणाएं की और विशेष रूप से शाइनी जैन ने अपनी बाली और रिहाना जैन ने अपने सोने कड़ा मंदिर निर्माण के लिए दान में दिया। संचालन कर रहे मनोज जैन ने इन बच्चों के दान की अनुमोदना की और उन्होंने कहा कि यह जैन धर्म की सुंदरता है कि छोटे-छोटे बच्चे भी दान के लिए अग्रसर कर रहते हैं। तत्पश्चात आचार्य श्री श्रुत सागर जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि आनंद ही परमात्मा का स्वरूप है परमात्मा हमारे मन में ही विराजमान है वह आनंद रूप में हमारे अंदर विराजमान है। उन्होंने कहा कि प्रातः काल उठते ही आप लोग अपनी हथेलियों के दर्शन जरूर करें हथेली के अग्रभाग में 24 पोर होते हैं जो 24 तीर्थंकरों का प्रतीक है, हथेली के मध्य में सिद्ध शिला विराजमान है और हथेली के मूल भाग में निर्वाण स्थल सम्मेद शिखरजी विराजमान है प्रातः काल अपनी हथेली के दर्शन करने से हमें 24 तीर्थंकर सिद्ध शिला और शाश्वत भूमि श्री सम्मेद शिखर जी के दर्शन होते हैं।




**पानीपत।** आचार्य श्री श्रुत सागर जी महाराज प्रवचन करते हुए व सत्संग का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास के कैंप में रक्तदाता का हौंसला बढ़ाते हुए अतिथिगण।

# मानवता के लिए किया 89 युवाओं ने रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आदर्श एक विश्वास सोसाइटी के द्वारा प्रवीन नांदल फिटनेस में छठा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में का मुख्युदेश्य प्रवीन नांदल को आयरन वर्ल्ड चैंपियनशिप जोकि स्वीडन में आयोजित हुई थी उसमे पदक लाने के सम्मान में लगाया गया था। रक्तदान शिविर का शुभारंभ लोकेश नांगरू कांग्रेस नेता बिक्रम शाह ने किया। शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं सहयोग परिवार, शिव बाबा की रसोई, आरंभ फाउंडेशन, रिंग रोड एसोसिएशन, मदद बैंक, एक पेड़ एक परिवार, लखदातार समिति के साथ शहर के बाजारों के प्रधान मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रवीन नांदल ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग करने के लिए अनुशासन का बहुत बड़ा रोल होता है। वही बॉडी बनाने के लिए कभी भी गलत तरीके से बॉडी ना बना कर पौष्टिक खानपान व अनुशासन के शरीर बनाया जा सकता है। शिविर में 89 युवाओं ने रक्तदान किया। आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल व संदीप अरोड़ा ने बताया कि प्रवीन नांदल आदर्श संस्था के सदस्य भी है और ये रक्तदान शिविर उनके ही सम्मान में लगाया गया है। जबकि संस्था के पदाधिकारी डॉ. पुलकित गोयल व डॉ. रजत दहिया ने बताया रक्तदान एक ऐसा दान है जो हम ऐसे इंसान के लिए दान करते हैं। इस अवसर पर पूजा, मीरा, कृष्ण मलिक, सचिन, अशोक कालडा, हिमांशु गांधी, कशिश ढिंगरा, रिंकू, अरमान नांदल मौजूद रहे।



**पानीपत।** गोल्ड मेडल विजेता पहवान अजय बेनीवाल का स्वागत करते हुए सांसद कृष्ण लाल पंवार। फोटो :हरिभूमि

# गोल्ड मेडल विजेता पहलवान अजय का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित सीनियर नेशनल कुश्ती के गेम में पानीपत के गांव कवि के निवासी पहलवान अजय बेनीवाल ने गोल्ड मेडल जीत कर देश भर में हरियाणा, पानीपत, अपने गांव कवि व अपना नाम रोशन किया है। वही, पानीपत पहुंचने पर पहलवान अजय को हासिल किया। उनके गोल्ड मेडल विजेता होने की खुशी में कवि तथा आसपास के गांवों के लोगों द्वारा कवि गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अजय बेनीवाल को खुली गाड़ी में बैठाकर भालसी स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप से लेकर कवी गांव तक रोड शो निकाला गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने फूलों की बरसात करके गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी अजय बेनीवाल का पूरा मान सम्मान किया। पूरे क्षेत्र में रोड शो के बाद गांव में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही, कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि अजय पर गर्व है कि उन्होंने उतर प्रदेश की धरती पर जाकर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे जिले का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर एडीए सुरेन्द्र बेनीवाल, कोच प्रकाश, कोच राजेश बेनीवाल, कोच रणबीर ढाका सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आईटीआई में दाखिले शुरू

**पानीपत।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल इंट्री स्कीम में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल एवं उपप्रधानाचार्य जसबीर सिंह ने बताया कि इस संस्थान में पांच शाखाओं केमिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और टेक्सटाइल टेक्रोलॉजी में तीन वर्षीय डिप्लोमा करवाया जाता है। जिसके लिए आवेदक स्वयं तथा संस्थान में आकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। जिसकी अंतिम तिथि 3 जून 2024 है।

# जांगिड़ ब्राह्मण समाज के निर्धन वर्ग की मदद करेगी महासभा

- कार्यक्रम में सतबीर जांगड़ा एवं उनकी जिला की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह जांगड़ा का शपथ एवं अभिनंदन समारोह रविवार को रोड धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह जांगड़ा व विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा रहे। वही कार्यक्रम में सतबीर जांगड़ा एवं उनकी जिला की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई व अतिथियों का फूल माला से स्वागत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इधर, प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा ने कहा कि जांगड़ा समाज के 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को महासभा 2100 रुपए नगद व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेगी। समाज के होनहार बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक मदद की जाएगी। समाज की गरीब विधवा की बेटी की शादी में 11 हजार रुपये कन्यादान के रूप में सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर सतपाल जांगड़ा, रमेश चंद जांगड़ा, सत्यदेव आर्य, राजेंद्र आर्य जगदीश चंद्र जांगड़ा संरक्षक, रामपाल जांगड़ा, अजय सिंह जांगड़ा, रमेश जांगड़ा, परमवीर जांगड़ा, पवन जांगड़ा, कुलदीप जांगड़ा ओमप्रकाश जांगड़ा, जय भगवान जांगड़ा, जगत सिंह जांगड़ा, कृष्ण लाल जांगड़ा, धर्मपाल जांगड़ा, प्रदीप जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, महेंद्र, मनीष, संदीप, विनोद, धर्मवीर, उमेद, ओम प्रकाश व इंद्र सिंह जांगड़ा आदि मौजूद रहे। श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के संरक्षक रोशन लाल धीमान, विनोद पांचाल, प्रधान रघुबीर धीमान, सुभाष जांगड़ा, सुनील धीमान, डा.नीरज जांगड़ा, मोहन लाल ने सतबीर जांगड़ा को पगड़ी बांधी व स्मृति चिन्ह भेंट किया।



**पानीपत।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह जांगड़ा का अभिनंदन दृश्य। फोटो :हरिभूमि

# श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

- 12 :15 बजे ज्योत प्रचण्ड उद्योगपति हीरा मल्होत्रा द्वारा किया जाएगा

**पानीपत।** नूरवाला की जसबीर कालोनी स्थित श्री अखण्ड शिव दुर्गा मंदिर का 21वां वार्षिकोत्सव पर सत्संग एवं भंड़ारे का आयोजन छह मई को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अशोक कालड़ा ने बताया कि छह मई को प्रातः 10 बजे से संतो का प्रवचन प्रारंभ होंगे। जिसमें श्री श्री 108 स्वामी परमानंद भैय्या जी कुरावली व श्री श्री 108 स्वामी विश्वेश्वरानंद जी महाराज हरिद्वार प्रवचन करेंगे। अशोक कालड़ा ने बताया कि ध्वजारोहण दोपहर 12 बजे बरसत रोड स्थित गोशाला के प्रधान राजीव जैन, 12:10 बजे रिबन समाजसेवी अन्नत राम खुराना द्वारा किया जाएगा। वहीं 12:15 बजे ज्योत प्रचण्ड उद्योगपति हीरा मल्होत्रा द्वारा किया जाएगा। भजन गायक प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ होंगे।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ




**पानीपत।** पानीपत डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा करवाई जा रही वार्षिक जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ पानीपत क्लब में हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी विजय जैन ने रिबन काटकर किया प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 15 अंडर 17 व अंडर 11 के मुकाबले खेले गये यह प्रतियोगिता सात मई तारीख तक खेली जाएगी विजय जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा के खेल बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाता है व मानसिक विकास में सहायक होता है। जबकि रविवार को खेले गये मुकाबलों में बच्चों के अंडर 11 में राघव सक्सेना ने आरित को 15-6 15-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई, अंडर 15 में आशीष ने काव्या मक्कड़ को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई, 17 वर्ष में लवीश ने अर्पित को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई, महिला अंडर 15 में नाडर कौर ने वन्या को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। इस अवसर पर प्रधान जुगल डावर महासचिव दिनेश संढुजा, सतीश महाजन, ओपी रनोलीया, मुकेश तलवार, अभिषेक वत्स, नितिन अरोड़ा, विपिन शर्मा, मुकेश मदान आदि उपस्थित रहे।

# आसरा फाउंडेशन ने स्कूल के 135 बच्चों को बांटी किट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आसरा फाउंडेशन नौवीं से बारवी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा चलाया गया फाउंडेशन है जिसको हाल ही में समाजसेवा करते हुए एक साल पूरा हो गया। जिसकी खुशी मनाते हुए आसरा फाउंडेशन ने एक प्रोजेक्ट किया। जिसमें ज्योति कॉलोनी स्थित दो चेतना स्कूल्स के 135 बच्चों को आसरा टीम ने हाइजीन किट्स। जिनमें रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाला समान जैसे टूथपेस्ट, टूथब्रश, कॉम्ब, क्रीम, शैम्पू, ऑयल और साबुन जैसा समान था दिया गया। बच्चों को खुद को स्वच्छ व स्वस्थ रहने की शिक्षा दी। वहीं मॉडर्न और डिजिटल युग के चलते सभी बच्चों को एलसीडी राइटिंग टैब्स भी दिए गए जो की आज के समय की डिजिटल नोटबुक है। इसके अलावा आसरा फाउंडेशन ने चेतना स्कूल में पिक्चर चार्ट्स भी दिए। आसरा फाउंडेशन द्वारा डा. वंदना पाहुजा का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन से अनवी शिंगला, राघव अरोड़ा, सरगम सिंगला, आर्यन गेरा, कार्तिक सिंगला, टिया जैन, खुशी मित्तल, विभूति आहूजा और महक कटारिया आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** चेतना स्कूल के बच्चों के लिए सामान लेकर पहुंचे आसरा फाउंडेशन के स्वयंसेवीगण।

- बच्चों को खुद को स्वच्छ व स्वस्थ रहने की शिक्षा दी

### ईटीए की डायरी का हुआ विमोमन

**पानीपत।** इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन पानीपत का वार्षिक उत्सव एवं डायरी विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत संरक्षक राजकुमार जैन एवं सुखदेव शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित से हुई। डायरी का विमोचन मुख्यातिथि अशोक गर्ग उपकुलपति हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई व पूर्व डीजीपी उत्तराखंड रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत चेयरमैन अशोक मनुजा व प्रधान नरेंद्र जैन ने किया। महासचिव योगेश गोयल ने एसोसिएशन की उपलब्धियों के बारे में बताया।

### चंदन बाल स्कूल में हुई प्रतियोगिता

**पानीपत।** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल गांव आट्टा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा चौथी से ग्यारहवीं तक इंटर हाउस मैथ्स क्विज तथा इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगों का तालमेल ,चित्र व्यवस्था, साज सज्जा के परिणाम में प्रथम स्थान सनफ्लावर, द्वितीय स्थान डेजी व रोज हाउस तृतीय स्थान पर रहे।

### जरूरतमंद और बेसहारा बेटी की शादी में सहयोग कर कमाया पुण्य

**कुरुक्षेत्र।** आज भी कुछ लोग ऐसे हैं, जो बिना लालच एवं बिना स्वार्थ के गरीब, जरूरतमंद और बेसहारा की मदद करते हैं। कहते हैं की कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसी क्रम में सृष्टि एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जरनैल सिंह रंगा ने शादी के लिए धर्मशाला का किराया जो 1100 रुपये है दिए और और डॉ अंबेडकर समाज कल्याण सभा बजीदपुर प्रधान ओम प्रकाश, उप प्रधान नछतर सिंह, सचिव सुनील दत्त, सह सचिव दयाल सिंह, कोषाध्यक्ष बीर सिंह सहित टीम द्वारा पिपली में एक जरूरतमंद बेटी की शादी में 1100 रुपये का कन्यादान बेटी और मां गंगा को सौंपा।

## आईसीएआई में जीएसटी कैसे रेड करती है विषय पर सेमिनार आयोजित

# सेमिनार का मुख्य विषय जीएसटी रेड, निरीक्षण एवं तलाशी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा को पानीपत शाखा के सभागार में चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में एक सेमिनार का आयोजन किया सेमिनार का मुख्य विषय जीएसटी रेड, निरीक्षण एवं तलाशी रहा। चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा ने सभी सदस्यों को आई सी ए आई के द्वारा के मेंबर्स हित मे विभिन्न कंपनियों के साथ चलाई जाने वाली 47 फायदेमंद योजनाओं से अवगत करवाया। सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए अभिषेक राजा राम ने बताया कि जीएसटी विभाग निरीक्षण एवं तलाशी की रेड के समय किनकिन वस्तुओं और दस्तावेज को जप्त कर सकते है। क्या रेड के समय जीएसटी विभाग मोबाइल, फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव आदि लेकर जा सकते हैं या नहीं और उन्होंने इससे भी अवगत कराया कि वह कितने दिनों तक दस्तावेजों को अपने पास रख सकते हैं तथा प्रार्थना करने पर भी आपकी प्रार्थना को अस्वीकार भी कर सकते हैं इससे सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच का संचालन शाखा के सचिव सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया। इसके साथ ही शाखा के अन्य सदस्य सीए आशीष बहल, सीए अंशिका सिंगला, सीए श्रुति गर्ग, सीए कुणाल कथूरिया, सीए रविंद्र झा, सीए नैंसी वोहरा, सीए कविता गोयल, सीए जसवीर डंग, सीए सजल शर्मा, सीए गौरव सतीजा, सीए अनुराग भाटला, सीए अखिल तायल, सीए नीतीश जैन, सीए मुकेश शर्मा, सीए मनमोहन शर्मा, सीए विमल गोयल, सीए राकेश गर्ग, सीए रजनी गोयल, सीए शिवम कक्कड़, सीए राज कुमार, सीए लोकेश, सीए मोहन सिंगला, सीए मुकेश टुटेजा, सीए जीत रेवरि एवं सीए विमल परुथी आदि मौजूद रहे।




**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा।

## खबर संक्षेप

### 6 तक दाखिल कर जाएंगे नामांकन

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई दिन सोमवार सांय 3 बजे तक है। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी जबकि 9 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसी दिन बाद दोपहर चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की सूचि जारी कर दी जाएगी।

### स्कूल फाउंडेशन डे होगा आयोजित

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को स्कूल फाउंडेशन डे समारोह एवं नवनिर्मित चक्रव्यूह द नो-टू-ड्रग एजुकेशनल एस्केप रूम का उद्घाटन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीजीपी शत्रुजीत कपूर होगें। एडीजीपी ओपी सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरक़त करेंगे। आईजी शिवास कविराज व एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा भी समारोह में मुख्य रूप से मौजूद रहेगें।

### पूर्व सैनिक व वीरांगनाएं डाटा करवाएं अपडेटः शर्मा

**कैथल।** जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी ओपी शर्मा ने बताया कि जिला के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का डाटा इस कार्यालय में अपडेट किया जाना है। जिला के सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियां अपना संपूर्ण ब्यौरा कार्यालय में मौजूद प्रोफार्मा अनुसार जल्द जमा करवाएं, ताकि डाटा विभाग के पोर्टल पर अपडेट किया जा सके एवं भविष्य में पैंशन लेने में परेशानी नहीं आएं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला न्यायिक परिसर व उपमंडल न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 मई को किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि स्थानीय न्यायिक परिसर में आयोजित की जाने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लोग हर प्रकार के विवादों को समाधान के लिए रख सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादों के समाधान के लिए आमजन की सुविधा अनुसार चार बेंच बनाए गए हैं।

### फ्री प्वाइंट का झांसा देकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वांयट ऑफर का झांसा देकर लगभग साढे.97 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। जुलाना निवासी नवीन ने बताया कि उसके पास फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वायंट ऑफर की बात कही। संदेह होने के चलते उसने फोन को काट कर स्विच ऑफ कर दिया। कुछ समय के बाद जब उसने फोन को ऑन किया तो उसके क्रेडिट कार्ड से साढ़े 97 हजार रुपये गायब थे। साइबर पुलिस ने आरोपी मूलतः राजस्थान हाल आबाद मुरैना एमपी निवासी राहुल को गिरफतार कर लिया है।

---

### एजेंटों ने घर में बंधक बनाकर रखा भूखा-प्यासा

# पुर्तगाल की बजाय भेजा ईरान एजेंटों पर मारपीट का आरोप

**पुलिस ने एजेंट के साथ हरियाणा पुलिस के जवान के खिलाफ कबूतरबाजी का केस दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज. अंबाला




युवक को पुर्तगाल की जगह ईरान भेज दिया। यहां युवक को बंधक बनाकर भूखा प्यासा रखा गया। युवक के पिता का आरोप है कि उसका बेटा मुश्किल हालत में वापिस लौटा है। अब पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज किया है। एजेंट वा पुर्तगाल भेजने के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी करने क भी आरोप लगाए हैं।

यमुनानगर के गांव खेड़ी दर्शन सिंह के भगवान सिंह ने बताया कि वह अपने बेटे सिमर सिंह को पुर्तगाल भेजना चाहता था। उसने अपने जीजा जगजीत सिंह से बात की तो उसने अपने जानकार गुरमेल सिंह से मुलाकात कराई। कैथल के गुहला का गुरमेल सिंह हरियाणा पुलिस में नौकरी करता है। गुरमेल सिंह ने कैथल के चीका के गुरमीत वर्मा के बारे में बताया कि वह विदेश भेजने का काम करता है। गुरमीत वर्मा से बात की तो उसने बताया कि वह उसके बेटे को एक नंबर में पुर्तगाल भेज देगा। दोनों की 12 लाख रुपए में डील हुई। आरोपी एजेंट ने 3 लाख रुपए यहां से जाने के बाद और बकाया पैसे पुर्तगाल पहुंचने के बाद लेने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने उससे पासपोर्ट की स्कैन कॉपी मांगी।

शिकायतकर्ता ने बताया कि, आरोपी ने 17 नवंबर 2022 को अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचने को कहा। वे एयरपोर्ट पहुंचे तो यहां आरोपी गुरमीत वर्मा मिला और उसके बेटे को दुबई का वीजा दे दिया। दुबई में उसके बेटे को पाकिस्तानी नागरिक ने रिसीव किया। वो वहां 10 दिन रुका। 26 नवंबर 2022 को दुबई से आर्मीनिया की फ्लाइट में बैठा दिया। यहां उसके बेटे को राहुल नाम के व्यक्ति ने रिसीव किया। आरोपी द्वारा पैसे मांगने पर उन्होंने 3 लाख रुपए दे दिए।

#### पहाड़ियों में छिपा कर रखा जाता था

शिकायतकर्ता के मुताबिक उसके बेटे को 4 लड़के और मिले। उसके बेटा और आर्मीनिया में 1 फरवरी 2023 तक रहे। 2 फरवरी को ईरान भेज दिया। यहां, उसके बेटे व अन्य युवकों को पहाड़ी पर एक घर में डेढ़ माह तक भूखा-प्यासा बंधक बना कर रखा। जब वहां पुलिस आती थी तो इन सभी को उसी पहाड़ी में दूसरी जगह छुपा दिया जाता था। आरोपी मारपीट करते थे। एजेंट से बात की तो उसने कहा कि चिंता मत करो। वह उनका रेजिडेंस कार्ड बनवा देगा। यहां उसके बेटे को ब्लैकमेल किया गया। पुर्तगाल में रह रही उसकी बहन ने एजेंट के बंदे को 2 लाख रुपए दिए। उसके बाद सभी को छोड़ा लेकिन तब तक वीजा खत्म हो गया था। उसकी बहन ने पुर्तगाल से ईरान पैसे भेजे और फिर वापस इंडिया का वीजा लिया। उसका बेटा 27 मार्च 2023 को वापस इंडिया पहुंचा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए कि जब उसने आरोपी गुरमीत से संपर्क किया तो पहले बहाने बनाने लगा। उसके बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया। आरोप लगाया कि गुरमीत वर्मा व गुरमेल सिंह दोनों जालसाज़ी करके लोगों को ठगने का काम करते हैं। शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी पुलिस कर्मचारी समेत दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# पति पर पत्नी ने लगाए आप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप

- पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि पति नशे में उसके साथ आप्राकृतिक यौन संबंध भी बनाता था। उसने ससुरालियों पर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति करने के भी आरोप लगाए। पुलिस ने पति, सास-ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला कैंट की रहने वाली विवाहिता ने बताया कि 11 जुलाई 2021 को उसकी पटियाला (पंजाब) के करमनप्रीत सिंह से शादी हुई थी। उसकी यह दूसरी शादी थी। पहली शादी से एक बेटा भी है,जो उनके साथ ही रहता था।

शादी के बाद ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ति करने लगे थे। उसका पति अपने बड़े भाई-भाभी की बातों में आकर मारपीट करता था। विवाहिता ने आरोप लगाए कि उसका पति गलत तरीके से संबंध बनाता था। उसे चाहे कितना भी दर्द हो, लेकिन पति अपनी मनमर्जी करता था। इसकी वजह से वह बीमार भी रहने लगी थी। ससुराल वालों ने उसका इलाज तक नहीं कराया। उसकी जिंदगी नर्क बना कर रख दी।विवाहिता ने बताया कि उसका पति कनाडा जाना चाहता है। इसलिए ससुराल वाले उसके ऊपर अपने मायके से पैसे लाने का दबाव बना रहे थे। उसके माता-पिता बहुत गरीब हैं। पिता ऑटो चला गुजारा कर रहे हैं। इसका फायदा ससुराल वाले प्रताड़ति कर रहे थे। उसे नौकरानी बना के अपने घर पर रखा। पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### बाल विवाह के बारे में करें जागरूक

**अंबाला।** संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी अरविंद्रजीत कौर ने बताया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। बाल विवाह की रोकथाम बारे आमजन को जागरूक करें। विभाग द्वारा अधिकारियों को 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाह की रोकथाम बारे आमजन को जागरूक करने बारे निर्देश भी जारी किए गए हैं। इस बारे अधिक से अधिक लोगों को अवगत करवाएं। इस विषय बारे यदि किसी को कोई सूचना देनी है तो मोबाईल नम्बर 9729990159 पर दी जा सकती है।

- अधिकारियों को 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाह की रोकथाम बारे आमजन को जागरूक करने के दिए निर्देश

---

# एकजुट हुआ राजपूत समाज, कहा 36 बिरादरी में असर रखता है समाज

- महाराणा प्रताप जयंती पर किया बढ़ा ऐलान, महापंचायत में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज. शहजादपुर

गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बाद अब प्रदेश के राजपूतों ने भी भारतीय जनता पार्टी से किनारा करने का ऐलान कर दिया है। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर रविवार को यहां क्षेत्रीय स्वाभिमान महापंचायत हुई। कार्यक्रम में क्षत्रिय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर राजपूत समाज के लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. राज शेखावत ने भाजपा के विरोध का झंडा उठाते हुए इनको हराने वाले प्रत्याशी का समर्थन करने का ऐलान किया है। शेखावत ने ऐलान किया की अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में उस प्रत्याशी को वोट दें जो भाजपा प्रत्याशी को हराने में समर्थ हो। राजपूत समाज खुद के अलावा 36 बिरादरी में अपना एक असर रखता है। महापंचायत के आयोजन की तैयारियां पिछले बीस दिन से चल रही थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के पिछले काफी समय से ब्रह्मपाल राणा,वीरेंद्र राणा बिट्टू और अनिल राणा,भूम सिंह राणा, प्रीतपाल सिंह राणा खुड्डा समेत दर्जनों राजपूत नेता सक्रिय थे। महापंचायत में करणी सेवा के अध्यक्ष डॉ. राज सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजपूतों से अब नफरत करने लगी है।

---

# कब-बुलबुल एक्टिविटी पुस्तक का विमोचन

- बच्चों को राष्ट्रीय गोल्डन एरो अवार्ड में सहायक होगी यह पुस्तक : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** पुस्तक का विमोचन करते हुए।

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ में जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ द्वारा लिखित कब बुलबुल एक्टिविटी पुस्तक का रा'य सचिव मनीराम शर्मा आईएस व रा'य कमिश्नर बुलबुल अमनीत पी कुमार आईएस ने विमोचन किया। जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ ने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं के छोटे-छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा मिले और बच्चे बिना किसी डर, भय, हिचक के मन लगा कर शिक्षा के प्रति रूचि दिखाएं, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने लड़कों के लिए कब पैक एक्टिविटी पुस्तक लिखी ताकि बच्चों को प्रवेश, प्रथम चरण, द्वितीय चरण, तृतीय चरण, चतुर्थ चरण के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो। उसके बाद लड़कों को राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला सवारे्च्च अवार्ड गोल्डन एरो अवार्ड मिल सके। लड़कियों के लिए बुलबुल एक्टिविटी पुस्तक लिखी ताकि लड़कियों को प्रवेश, कोमल पंख, रजत पंख, स्वर्ण पंख, हीरक पंख पाठ्यक्रम की पूरी तैयारी करने के बाद सवारे्च्च अवार्ड गोल्डन एरो अवार्ड मिल सके।

---

# वाल्मीकि आश्रम में आयोजित होगा विशाल संत सम्मेलन

- हर गांव में लोगों को दिया जाएगा निमंत्रण
- सिरसगढ़ भगवामी वाल्मीकि आश्रम में मीटिंग के दौरान लिया गया अहम फैसला

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा


**बराड़ा।** बैठक में मौजूद लोग।

- संतों की संगति और मार्गदर्शन से ही समाज की सम्मानजनक स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त होता है

भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संस्था के महासचिव मोहन परोचा द्वारा की गई की गई। बैठक में संस्था के पदाधिकारी समाज के बुद्धिजीवी वर्ग सहित वाल्मीकि संत स्वामी चेतनानंद महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि समाज को राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक रूप से संगठित करने हेतु शीघ्र ही वाल्मीकि आश्रम पर एक विशाल संत सम्मेलन कर धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही चर्चा विचार कर तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संत समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं। संत ही समाज की दिशा व दशा का निर्धारण करते हैं। संतों की संगति और मार्गदर्शन से ही समाज की सम्मानजनक स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुलिंद्र झाड़ माजरा ने बताया कि समाज को संगठित करने के लिए उनकी टीम गांव दर गांव जाकर समाज के लोगों को जोड़ने का काम कर रही है। इसके बहुत ही अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इस मौके पर प्रेस सचिव गौरव कुमार लोहट , सतीश लोहट कोषाध्यक्ष , प्रचार सचिव जरनैल सिंह ,संगठन सचिव हरपाल सिंह कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुमार, विनोद कुमार सचिव संदीप खोड़ा संगठन सचिव संतोष रानी सरपंच

---

# कार की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल-चीका रोड पर रविवार सुबह एक कार चालक ने ट्रक को गलत साइड से ओवरटेक करते हुए दो बाइक सवारों चालकों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा उसकी पत्नी घायल हो गई। नवीन शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह बिजली बोर्ड कांगथली में एसएसए उसका 30 वर्षीय भाई दिनेश बाइक पर अपनी पत्नी सोनिया के साथ चीका जा रहे थे। वह भी उनके साथ एक दूसरी बाइक पर जा रहा था। जब वह गांव पीडल से चीका के बीच पहुंचे तो चीका की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की वैगनार कार का चालक लापरवाही से गाड़ी चलाता हुआ आ रहा था। जब वह गलत तरीके से एक ट्रक को ओवरटेक करने लगा तो उसने आगे जा रहे उसके भाई विनोद की बाइक को टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने पर कर चालक ने दो अन्य मोटरसाइकिलों को भी टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने के बाद उसका भाई दिनेश व भाभी सोनिया सड़क पर गिर गई। गुहला के सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां डॉक्टरों ने उसके भाई दिनेश को मृत घोषित कर दिया। उसकी घायल भाभी सोनिया को पटियाला रेफर किया गया है।

### जींद से पटियाला के लिए शुरू हुई बस सेवा

**जींद।** रोडवेज डिपो ने जींद से पटियाला के लिए एक और बस सेवा शुरू की है। यह पटियाला में नाइट स्टे करर अगले दिन सुबह जींद के लिए वापसी करेगी। जींद से पटियाला जाने के लिए कोई ट्रेन भी नहीं है। यह बस दोपहर बाद चार बजकर 40 मिनट पर जींद से पटियाला के लिए रवाना होगी। जो संगरूर व पातड़ा होते हुए 176 किलोमीटर की दूरी तय कर पटियाला पहुंचेगी। जींद से पटियाला का किराया 190 रुपये लगेगा। इस समय जींद से पटियाला के लिए पांच बस चलती हैं। पहली बस सुबह साढ़े पांच बजे, दूसरी बस सुबह 6:20 बजे, तीसरी बस सुबह सात बज कर 50 मिनट, चौथी बस नौ बजकर 20 मिनट व पांचवीं बस 11 बजकर 18 मिनट पर जींद से चलती है।

---

# चालक को आई झपकी, कार खदानों में पलटी

- यातायात पुलिस ने बचाई घायल युवती की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** घायल युवती को अस्पताल पहुंचाते यातायात पुलिस के कर्मचारी।

यातायात पुलिस ने सडक हादसे में घायल एक युवती की जान बचाने का काम किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सायं के समय भिवानी की एंजल नामक युवती गाड़ी में सवार होकर कुरूक्षेत्र से कैथल की ओर आ रही थी। कार को चालक चला रहा था। जैसे ही कार टीक ओवरब्रिज के निकट पहुंची तो अचानक चालक को नींद की झपकी आ गई तथा गाड़ी सड़क किनारे गड्ढों में पलट गई। हादसे में कार में सवार युवती एंजल को गहरी चोट आई। हादसे की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस के एसआई रमेश चंद्र, एसआई शमशेर सिंह, एचसी विक्रम सिंह की टीम मौके पर पहुंची तथा युवती को कार से बाहर निकालते हुए अपनी गाडी की सहायता से उसे कैथल के सिग्नस अस्पताल में दाखिल करवाया। यहां पर युवती की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। युवति के परिजनों ने जान बचाने को लेकर यातायात पुलिस का आभार जताया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत

**जींद।** गांव सुरबूरा में तेजरफ्तार बाइक ने खेत से लौट रहे किसान की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार किसान की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दूसरे फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सुरबूरा निवासी रमेश 50 खेत में तूड़ी बनवा कर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। गांव के ही रजबाहा पूल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने रमेश की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें रमेश घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में रमेश को हिसार निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान रमेश की मौत हो गई।

---

### नशीला पदार्थ पिलाकर महिला का यौन शोषण

**जींद।** गढ़ी थाना इलाके में महिला को नशीला पदार्थ देकर यौन शोषण करने तथा उसके जेवरात कब्जे में रखने पर महिला थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोनीपत इलाके की एक महिला ने बताया कि वह गढ़ी थाना इलाके में विवाहित है। रिश्ते में देवर लगने वाले सुनील ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद वह पति को छोड़ कर सुनील के घर आ गई। सुनील ने उसका यौन शोषण करना शुरू कर दिया। जब उसने सुनील के साथ शादी के लिए दबाव डाला तो उसने शादी करने से मना कर दिया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सुनील, उसके पिता लीलू राम, भाई जसबीर, प्रवीन, सचिन, अनीता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

### रोटरी क्लब ऑफ अंबाला के गवर्नर ने टीम के साथ क्लासेस का किया मुआयना

# प्रोजेक्ट इवनिंग क्लासेज के 12 बच्चों ने 80% से बनाए रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज. अंबाला


**अंबाला।** इद्रिश फाउंडेशन के पदाधिकारियां को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाते हुए विनय मल्होत्रा व अन्य।

रोटरी क्लब ऑफ अंबाला के गवर्नर रोटेरियन अरुण मोंगिया व उनकी टीम ने प्रोजेक्ट इवनिंग क्लास का निरीक्षण किया। इंद्रिश फाउंडेशन और रोटरी क्लब के सहयोग से चल रहे इस प्रोजेक्ट के कार्य को देख कर उन्होंने फाउंडेशन टीम की सराहना की और इस प्रयास को निरंतर आगे भी ऐसे ही जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इससे की अधिक से अधिक बच्चो को शिक्षा प्राप्त हो सके। इस दौरान पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. विनय मल्होत्रा, रोटेरियन जेएन अरोड़ा, एडी गांधी; प्रेसिडेंट अनिल वर्मा, सचिव सुरिंदर गोयल, संदीप सिंह चोपड़ा, पूर्व प्रेसिडेंट नरेश भारद्वाज और रोटेरियन कनिका जैन भी मौके पर मौजूद रही। इसमें पिछले साल का पूरा क्षेत्र का काम रोटरी क्लब के जिला गवर्नर के सामने पेश किया गया, जिसमें बच्चों के परिणाम क्षेत्र परियोजना की सफलता और उनकी उपलब्धियों को 'इद्रीश फाउंडेशन' ने प्रस्तुत किया। बता दें कि पिछले 2 साल से रोटरी क्लब ऑफ़ अंबाला एरिया एक प्रोजेक्ट इवनिंग क्लास को स्पांसर किया गया है। इसके कारण लगभग 80 बच्चे रोजाना एक छत के नीचे बैठकर पढ़ रहे हैं। इसमें टीचर्स की सुविधा भी दी गई है। दूसरे टीचर को प्रियांकुष शर्मा द्वारा एक साल से स्पांसर किया गया है। इसके कारण टांगरी इलाके के सभी जरूरतमंद बच्चे गुणवत्ता शिक्षा मुफ्त में पा रहे हैं। पिछले साल 9 बच्चों ने इसी क्षेत्र से टॉप रैंक लिया था। इस साल भी 6 से 9वीं तक के 9 बच्चों ने टॉप रैंक हासिल किया है। 12 बच्चों ने 80 फीसदी से उपर अंक प्राप्त किए हैं। यह सब संभव हो पाया है लगातार रोटरी क्लब ऑफ़ अंबाला के समर्थन से । इस दौरान रोटरियन प्रेसिडेंट अनिल वर्मा ने बताया कि उनको और उनकी टीम को अच्छा लगता है जब वे बच्चों का परिणाम अच्छा देखते हैं। उनकी दी स्पांसरशिप सही जगह लग रही है। इद्रीश फाउंडेशन के बच्चों के साथ उनका जुड़ाव बहुत ज्यादा हो गया है। इससे उन्हें आत्म शांति का अनुभव होता है। फाउंडेशन ने सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अपने प्रशंसकों को गर्व महसूस करने का मौका दे रहा है। संस्थापक नेहा परवीन, एचआर मैनेजर वंदना , एचआर कार्यकारी पंकज , जसकीरत और करिश्मा के साथ मिलकर बच्चों को शिक्षा के माध्यम से जोड़ते हुए रोटरी क्लब ऑफ़ अंबाला और प्रियांकुष शर्मा का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय सिर्फ और सिर्फ रोटरी क्लब ऑफ़ अंबाला को ही जाता है।